आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–20 नवम्बर 2025 **सान्ध्य समाचार**

जनता दल यूनाइटेड प्रमुख नीतीश कुमार ने आज दसवीं बार पड़ोसी राज्य बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। एक रिपोर्ट–

बिहार में आज राजनीतिक इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया। एनडीए की ऐतिहासिक जीत के बाद नीतीश कुमार ने पटना के गांधी मैदान में 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने पुनरू उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण किया। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्र सरकार के कई मंत्री और एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहे। समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गमछा लहराकर उपस्थित लोगों का अभिवादन किया। आशीष रंजन, आकाशवाणी समाचार, पटना।

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नीतीश कुमार और उनके नव–नियुक्त मंत्रिमण्डल को बधाई दी है।

****

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद दो सौ और दो सौ एक के तहत राष्ट्रपति और राज्यपाल द्वारा विधेयकों को मंजूरी देने के संबंध में न्यायालय कोई समय सीमा तय नहीं कर सकता है। एक रिपोर्ट–

मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संवैधानिक पीठ ने सर्वसम्मति से कहा कि यदि राज्यपाल विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को अनुच्छेद 200 के तहत निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना रोके रखते हैं तो यह संघीय ढांचे के हित में नहीं होगा। यह मत राष्ट्रपति के उस संदर्भ पर आया जिसमें विधेयको के राज्यपाल और राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए समय सीमा को लेकर स्पष्टीकरण मांगा गया था। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में पचीस नवम्बर को होने जा रहे ध्वजारोहण कार्यक्रम के अनुष्ठान आज से शुरू हो गये। इसी कड़ी में सरयू तट से पांच सौ इक्यावन महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। इस दौरान यजमान और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी अनिल मिश्रा ने सरयू तट पर कलश पूजन किया।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की तीस तारीख को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ अट्ठाइसवीं कडी होगी।

****

भारत की कला, संस्कृति और विरासत को आगे ले जाते हुए देश का छप्पनवां अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव– इफ्फी एक बार फिर गोवा में अपनी छटा बिखेरने लगा है। सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन ने आज पणजी में इस वर्ष के इफ्फी की औपचारिक शुरुआत करते हुए वेव्स फिल्म बाजार का उद्घाटन किया।

****

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जीएसटी दर कम करने के साथ ही बाइस सितम्बर से जीएसटी बचत उत्सव शुरू हुआ। इससे देशभर के नागरिकों को लाभ हो रहा है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

नए जीएसटी सुधारों में इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र में करों में कटौती करके लोगों को बड़ी राहत दी है। इन सुधारों के अंतर्गत एयर कंडीशनर और डिशवॉशर पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे घरेलू उपकरणों की बिक्री में बढ़ोतरी आई है। इसी तरह टीवी, मॉनिटर और प्रोजेक्टर पर 28 प्रतिशत की बजाए अब 18 प्रतिशत जीएसटी लग रहा है, जिससे लोगों को यह उत्पाद अब पहले की तुलना में और भी अधिक सस्ते दामों पर मिल रहे हैं। नए कर सुधारों का उद्देश्य मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देना है। रोहन और समर्थ के साथ सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

****

गौतम बुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा में नोएडा एयरपोर्ट के नजदीक नगला हुकुम सिंह गांव में कल एक निर्माणाधीन मकान की लेंटर गिरने से उसके मलबे में कई मजदूर दब गये। देर रात तक चले राहत और बचाव कार्य के दौरान अस्पताल में भर्ती कराए गए मजदूरों में से चार की इलाज के दौरान मौत हो गयी।

****

मऊ जिला में समाजवादी पार्टी से घोसी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुधाकर सिंह का आज सुबह निधन हो गया। वह सड़सठ साल के थे। सीने में दर्द की शिकायत पर उनको दो दिन पहले अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके निधन पर गहरा शोक जताया है।

****

गौतम बुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्टेडियम में चल रहे विश्व मुक्केबाजी कप के फाइनल मुकाबले में भारत ने दो स्वर्ण पदक जीत लिया है। पहला पदक भारत की खिलाड़ी मीनाक्षी ने उज्बेकिस्तान की खिलाड़ी को अड़तालीस किलोग्राम भार

वर्ग में हरा कर हासिल किया। भारतीय मुक्केबाज प्रीति ने भी चौवन किलो भार वर्ग में इटली की खिलाड़ी को पराजित कर स्वर्ण पदक जीत लिया।

****

मौसम विभाग ने प्रदेश में छब्बीस नवम्बर तक सुबह के समय कहीं–कहीं हल्के से मध्यम कोहरे की संभावना जताई है। इस अवधि में मौसम शुष्क रहेगा। विभाग के मुताबिक अगले दो दिनों के बाद न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट की भी संभावना है।

****